राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर

(अस्थाई कार्यालय : महिला छात्रावास भवन, बाबूशोभाराम राजकीय कला महाविद्यालय, अलवर)
Phone : 0144-2730321, 2730327, 2980046 FAX : 0144-2730321
Website : www.rrbmuniv.ac.in

क्रमांक : राऋभमवि/अल/ परीक्षा/2020/1603 दिनांक : 3/11/2020

विशेष परीक्षा–2020 हेतु पंजीकरण

कुलपति महोदय के आदेश की अनुपालना में सूचित कर लेख है कि स्नातक/स्नातकोत्तर/प्रोफेशनल अंतिम वर्ष के स्थगित/शेष रहे प्रश्न पत्रों की दिनांक 11.09.2020 से प्रारम्भ हुई परीक्षाओं में कोविड–19 की विशिष्ट परिस्थितियों के अन्तर्गत यदि कोई परीक्षार्थी परीक्षाओं में किसी भी कारण से सम्मिलित नहीं हो सका हो तो विश्वविद्यालय द्वारा उनके लिए एक विशेष परीक्षा आयोजित होगी।

उक्त परीक्षा के दौरान किन्हीं पेपर/सभी पेपरों में अनुपस्थित रहे परीक्षार्थी विशेष परीक्षा हेतु निःशुल्क ऑनलाईन पंजीकरण वेबसाईट www.univindia.org के माध्यम से ऑनलाईन प्रक्रिया के अनुसार करवा सकते हैं।

स्नातक एवं स्नातकोत्तर उत्तरार्द्ध, LLM, DLL के परीक्षार्थी दिनांक 05.11.2020 से 10.11.2020 तक तथा LLB व D.Lib. दिनांक 11.11.2020 से 19.11.2020 तथा B.Ed. IInd Year, B.Ed(MR) IInd Yr 20.11.2020 से 25.11.2020 तक तथा BBA, BCA 25.11.2020 से 28.11.2020 तक आनलाईन पंजीकरण करवा सकते हैं।

नोट– जो परीक्षार्थी विशेष परीक्षा हेतु प्रार्थना पत्र परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में प्रस्तुत कर चुके हैं या एडमिट कार्ड में दी गई ई–मेल rrbmu.alwar@gmail.com पर प्रेषित कर चुके है। उन्हें भी पुनः ऑनलाईन पंजीकरण करवाना अनिवार्य होगा।

परीक्षा नियंत्रक

पंजीकरण हेतु निर्देश

1. सर्व प्रथम परीक्षार्थी वेबसाईट www.univindia.org पर विजिट कर Special Exam के बटन पर क्लिक करें। पुनः जो विन्डो खुलेगी उसमें कक्षा/अनुक्रमांक/जन्म तिथि (जो मूल परीक्षा फार्म में भरी थी) की प्रविष्टि करनी है। तत्पश्चात आप जिन प्रश्न पत्रों में अनुपस्थित रहे थे उनके विवरण सहित पंजीकरण फॉर्म खुलेगा। इस फार्म में विशेष परीक्षा में सम्मिलित होने का कारण निर्धारित विन्डो में चयन करना है।
2. उपरोक्तानुसार पूर्ण भरे हुए पंजीकरण फॉर्म का प्रिन्ट परीक्षार्थी ले सकते हैं। परन्तु पंजीकरण फॉर्म की हार्डकॉपी विश्वविद्यालय/महाविद्यालय में जमा नहीं करवानी है।
3. **पंजीकरण प्रारम्भ होने की तिथि–** जिन कोर्सेस के सभी प्रश्न पत्रों की परीक्षायें आयोजित हो चुकी हैं उनके पंजीकरण की प्रकिया चालू कर दी गयी है। शेष कोर्सेज के पंजीकरण संबंधित कक्षा के अंतिम प्रश्न पत्र की परीक्षा की समाप्ति के तुरन्त बाद प्रारम्भ होंगे।
4. स्नातक एवं स्नातकोत्तर उत्तरार्द्ध, LLM, DLL के परीक्षार्थी दिनांक 05.11.2020 से 10.11.2020 तक तथा LLB व D.Lib. दिनांक 11.11.2020 से 19.11.2020 तथा B.Ed. IInd Year, B.Ed(MR) IInd Yr 20.11.2020 से 25.11.2020 तक तथा BBA, BCA 25.11.2020 से 28.11.2020 तक आनलाईन पंजीकरण करवा सकते हैं।
5. जो परीक्षार्थी विशेष परीक्षा में सम्मिलित होंगे उनकी मुख्य परीक्षा–2020 की अंकतालिकायें मुद्रित नहीं होंगी। इनकी अंकतालिकाऐं विशेष परीक्षा के परीक्षा परिणाम जारी होने के बाद मुद्रित करवाकर भेजी जायेंगी।
6. विशेष परीक्षा हेतु केवल वे परीक्षार्थी ही पंजीकरण करवा सकते हैं जिन्होंने सत्र 2019–20 की परीक्षा का फार्म भरा था एवं विशेष परीक्षा हेतु वही अनुक्रमांक आवंटित होगा जो मुख्य परीक्षा–2020 हेतु आवंटित था।

परीक्षा नियंत्रक